# विज्ञान समिति, उदयपुर

नियमित प्रकाशन का चौदहवां वर्ष

# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

अंक :163 अक्टूबर 2015

**स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष**


**दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं**

- अक्टूबर 2015 में 27 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 11
- उदयपुर का तापमान अक्टूबर माह में : अधिकतम 37° सेल्सियस, न्यूनतम 21° सेल्सियस रहा।
- सितम्बर माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान, तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ाष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग-

- **स्पीकर, राजस्थान विधानसभा- 5000रु.**
- **श्री बी.एल. मंत्री (जुलाई 2015) - 1000रु.**
- **छात्रवृति - डॉ. लक्ष्मी नारायण दशोरा- 1000 रु., श्रीमती विमला कोठारी- 2000 रु., श्री जी.एल. भाटिया -5000 रु., राष्ट्रीय केमिकल एंड मिनरल्स - 2000 रु., श्री जैन श्वेताम्बर वासू पूज्य जी महाराज का मंदिर ट्रस्ट - 15000 रु., राष्ट्रीय मिनरल्स - 2000 रु., डॉ. यशवन्त कोठारी चेरीटेबल पब्लिक ट्रस्ट - 2000रु., श्री मंगल सिंह - 1000रु., श्री गिरिराज न्याति - 3000 रु. ।**
- **विज्ञान चेतना अभियान- डॉ. यशवंत कोठारी चेरीटेबल पब्लिक ट्रस्ट - 21,000 रु.**
- **संरक्षक सदस्य - श्री भुपेन्द्र सिंह मेहता - 50,000 रु.**

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

**डी.एस. कोठारी विज्ञान चेतना अभियान** –इसके अंतर्गत दिनांक 15 अक्टूबर 2015 को विज्ञान समिति के प्रांगण में निम्नांकित तीन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई :–



1) विज्ञान विषयक आशुभाषण प्रतियोगिता, संयोजक श्रीमती रेणु भंडारी। 2) विज्ञान प्रयोग प्रदर्शन (मेजिक ऑफ साइन्स), संयोजक डॉ. के.पी. तलेसरा। 3) प्रादर्श परीक्षण (स्पोट टेस्टिंग), संयोजक डॉ. महीप भटनागर।

इनमें 16 विद्यालयों के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसी क्रम में 10 चयनित विद्यालयों में **डॉ. डी.एस. कोठारी जीवन वृत प्रश्नोत्तरी** का आयोजन **डॉ. जे.एन. कविराज, डॉ के.एल. तोतावत, श्रीमती रेणु भंडारी, डॉ. के.एल. मेनारिया एवं श्री प्रकाश तातेड़** ने विद्यालयों में जाकर करवाया। इसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 15 अक्टूबर को सभी विजेताओं को **डॉ. यशवन्त कोठारी चेरिटेबल पब्लिक ट्रस्ट** उदयपुर के सौजन्य से नकद राशि, पुस्तकें एवं प्रमाण–पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। समापन सत्र के **मुख्य अतिथि प्रो एस.आर. व्यास पूर्व अधिष्ठाता कला महाविद्यालय एवं अध्यक्ष प्रो. पी.एम. अग्रवाल** ने उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



### डॉ. पी.एल. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान



20 अक्टूबर को आयोजित इस व्याख्यान के वार्ताकार थे मेधावी प्रोफेसर **श्री सुरेश मेहता** और विषय था **''भविष्य विज्ञान एवं आपका भविष्य''।** इस विषय पर वार्ताकार ने बड़े ही कुशलतापूर्वक विषय का प्रतिपादन करते हुए किस प्रकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने प्रगति की है और निकट भविष्य में क्या संभावनाएं हैं। वार्ता को बहुत पसन्द किया गया। वार्ता में 50 विज्ञान की छात्राएं (छात्रवृति प्राप्त करने वाली) तथा समिति एवं अन्य संस्थाओं के अनेक प्रबुद्धजन थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भौतिकविद् एवं प्रथम जैन लोरिएट **डॉ. पी.एम. अग्रवाल** ने की। कार्यक्रम का संचालन **श्री प्रकाश तातेड़** ने किया।



### छात्रवृति वितरण






**विज्ञान समिति,** रोड नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर-313001 फोन : 0294-2413117, 2411650

Website : www.vigyansamitiudaipur.org
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com

समिति द्वारा पिछले तीन वर्ष से संचालित इस गतिविधि में 17 छात्रवृतियां स्थापना दिवस पर दी थी। 20 अक्टूबर को डॉ. पी.एल. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान के साथ लगभग 50 छात्रवृतियां विद्यालयों की विज्ञान वर्ग की छात्राओं को दी गई।

**प्रस्तावित विज्ञान प्रयोगशाला** -प्रस्ताव एवं एस्टीमेट माननीय मंत्री **श्री गुलाब चंद जी कटारिया** को देने **डॉ. एल.एल. धाकड़, श्री शांतिलाल भंडारी एवं महामंत्री डॉ. के.एल. तोतावत** गए। प्रस्ताव पर मंत्री महोदय ने स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए।

## महिला सशक्तीकरण

***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 अक्टूबर को आयोजित हुई। 55 महिलाएं उपस्थित थीं। **श्रीमती निर्मला सोनी** ने पनीर के व्यंजन (पनीर टिक्का, पनीर चिल्ली, थाली नूडल्स आदि) बनाना सिखाया। महिलाओं को गेम भी खेलाया गया।

***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोशठ की मासिक बैठक 20 अक्टूबर को आयोजित हुई। बैठक में 60 महिलाएं उपस्थित हुई। बैठक में वार्षिक समारोह के बारे में चर्चा की। साथ ही भाग लेने के लिए भी अनुरोध किया। **श्रीमती पुष्पा गुप्ता** ने **'डील-नोडील'** गेम खेलाया जो सभी महिलाओं को काफी पसन्द आया।

***ग्रामीण महिला चेतना शिविरः*** यह शिविर 31 अक्टूबर को आयोजित हुआ। इस बैठक में 28 महिलाओं ने भाग लिया जो टूस डांगियान व चंदेसरा से आई थी। **श्रीमती शैल गुप्ता** ने महिलाओं को योग कराया, उसके लाभ बताए तथा संपूर्ण कार्यक्रम का





संचालन किया।

नवाचार महिला प्रकोष्ठ की **श्रीमती रीना लोढ़ा व श्रीमती नलिनी लोढ़ा** ने मिठाई-नारियल चक्की, पेठा लड्डू, मठरी बनाना सिखाया। कृषि विशेषज्ञ और लहर में कृषि खंड के लेखक श्री बृजमोहन जी दीक्षित ने महिलाओं से इस खंड में दी गई जानकारी के बारे में चर्चा की। **डॉ. कोठारी** ने जीवनोपयोगी विशेष प्रवचन दिया। चंदेसरा की दो महिलाओं **श्रीमती पीला देवी एवं श्रीमती तुलसी देवी** को पांच-पांच हजार रूपये का नकद ऋण महिला समृद्धि कोष से **डॉ. आई.एल. जैन और श्री दीक्षित जी** के कर-कमलो से दिया गया। लहर का वितरण किया गया। नई महिला सदस्यों का परिचय किया गया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने नए सदस्य बनाने तथा पुराने सदस्यों को वार्षिक शुल्क पुनः जमा कराने संबंधी प्रेरणा दी। आज का जलपान **श्रीमती डॉ. शैल गुप्ता** की ओर से था जिनका जन्म दिन 1 नवम्बर को है।

### *सेवा प्रकोष्ठ सिलाई प्रशिक्षण :*

● टूंस डांगियान में **श्रीमती हंसा सेन** के प्रेरणा से सामुदायिक भवन अटल सेवा केन्द्र में 25 महिलाओं के लिए पिछले माह 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण दिनांक 22 सितम्बर को प्रारंभ हुआ। उसका समापन 31 अक्टूबर को उदयपुर में महिला चेतना शिविर के कार्यक्रम में किया गया। सिलाई सिखने वाली महिलाओं में से 6 उस दिन उपस्थित हुई और उन्होंने जो कपड़े सिले उनको ले कर आई जिसे देखकर समिति की प्रभारी महिलाएं काफी संतुष्ट थी। इन सभी को अगली बार पारितोषिक दिया जाएगा। प्रशिक्षक **श्रीमती मंजु मेघवाल** को प्रशिक्षण के लिए मानदेय 3000रू. भी दिए गए। यह राशि विज्ञान समिति को हमारे मानद प्रशासनिक अधिकारी **श्री सुरेन्द्र जी भटनागर** के सौजन्य से मिली थी।






● एक अभावग्रस्त महिला के चश्मे के लिए पांच सौ रू. का सहयोग किया गया।

● दिनांक 28 अक्टूबर को एक विकलांग जागरूकता शिविर का आयोजन **श्रीमती परवीन बानो** की पहल पर विज्ञान समिति एवं विकलांग सहायता समिति उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में समिति परिसर में बड़े सभागार में हुआ जिसमें 50 विकलांग पुरुष-महिलाओं ने भाग लिया । उन सब का परिचय किया गया, उनकी समस्याओं को जाना। शिविर में जयपुर से भारत सरकार के विकलांग केंद्र के अधिकारी **श्री दयाराम वर्मा** तथा उदयपुर से समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकलांग समिति के सचिव **डॉ. के.बी. शर्मा** ने की तथा संयोजन **डॉ. के.एल. कोठारी** ने किया। प्रो. सुशीला अग्रवाल विशिष्ट अतिथि थी। सभी उपस्थित लोगों ने कई प्रेरणात्मक संदेश दिए एवं नई जानकारियां दी। कार्यक्रम उपरांत विकलांग भाई बहिनों एवं उनके साथ आए सहयोगियों को जलपान कराया गया। इस कार्यक्रम में **श्रीमती मंजुला शर्मा** में विशेष सहयोग रहा।

## ग्रामोदय कार्यक्रम (घणोली)

घणोली माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक जी के सहयोग से निम्नांकित कार्यक्रम विद्यालय प्रागंण में 8 अक्टूबर को आयोजित हुएः-

1. दसवीं का पहला बैच पास हुआ है। इन सभी बच्चों को सम्मानित कर एक-एक पुस्तक दी गई।

2. अध्यापकों एवं सहायकों का भी सम्मान किया गया।

3. **डॉ. के.बी. शर्मा परिवार** द्वारा विज्ञान समिति के माध्यम से **विनियोग अवार्ड एवं छात्रवृतियां** प्रदान की गई जिसमें कक्षा 10 में प्रथम तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं दो-दो हजार रू. का अवार्ड दिया गया तथा प्रधानाध्यापक जी द्वारा चयनित तीन अभावग्रस्त विद्यार्थियों को एक-एक हजार रू. की छात्रवृति दी गई तथा छठी से दसवीं पढ़ने वाले विद्यार्थियों में पिछले परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ रहने वाले को 200-200 रू. प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। यह कार्यक्रम




प्रतिवर्ष रहेगा।

इस कार्यक्रम में समिति से 4 गाड़ियों में 17 सदस्य गए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित कुलपति **प्रो. महीप भटनागर** द्वारा की गई। **प्रो. सुशीला अग्रवाल, डॉ. के.बी. शर्मा, श्रीमती अपर्णा शर्मा** कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। मुख्य अतिथि एस.आई.आर.टी. की उपनिदेशक **श्रीमती रेणु चौधरी** थी। कार्यक्रम का संयोजन **डॉ. के.एल. कोठारी** द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के सभी छात्रों के बीच आयोजित हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों को प्रेरणा संदेश दिए। आगे भी विद्यालय की आवश्यकतानुसार पढ़ाई आदि में सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात जलपान का आयोजन हुआ। विद्यालय के सभी अध्यापकगण, कार्यकर्तागण एवं गांव के नागरिक उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाएं

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। सितम्बर माह में 9 शिविर हुए जिसमें 145 **रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** **विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, महावीर इंटरनेशनल, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वावधान में **अठाईसवां मासिक शिविर** दिनांक 20 अक्टूबर 2015 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस शिविर में रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर एलीट, अखिल भारतीय श्वेताम्बर मूर्ति पूजक महासंघ उदयपुर, लायन्स क्लब नीलांजना, जैन सोश्यल ग्रुप उमंग ने भी सहयोग किया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.एल.के.भटनागर एवं डॉ.आई. एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. अनुराग तलेसराएवं उनकी टीम, डॉ. भानुप्रकाश वर्मा ई.एन.टी. विशेषज्ञ, वरिष्ठ डॉ. दिप्ती बंसल नेत्र रोग विशेषज्ञ अलखा नयन मंदिर, डॉ.पूजा भटनागर व दर्शन डेंटल कॉलेज की टीम, डॉ. मुकेश प्रजापत, फिजियोथेरेपी इकाई, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. बी. एल. पोखरना एवं उनकी टीम, योग विशेषज्ञ डॉ. शैल गुप्ता एवं श्री महेश जेठा** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। ि ाविर में कुल 239 नागरिकों का (21 सामान्य, 88 आर्थोपेडिक व फिजियोथेरेपी, 26 हृदय, 49 मधुमेह,10 ई.एन.टी., 9 दंत, 18 एक्यूप्रेशर, 12 योगा, 6 आयुर्वेदीक) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। आगामी **उनतीसवां शिविर 15 नवम्बर 2015 रविवार को 10 बजे से आयोजित होगा।**

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

विज्ञान समिति प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की 32 वीं बैठक तृतीय शनिवार 17 अक्टूबर **को सायं 5 बजे** से विज्ञान समिति सभागार में आयोजित हुई इस बैठक में डॉ. पल्लव भटनागर–प्राचार्य एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, गीतांजलि फिजियोथेरेपी कॉलेज ने अपने विस्तृत अनुभव एवं प्रबुद्ध जानकारी के अनुसार **''Physiotherapy for spine care''** विषय पर सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि रीढ़ की हड्डी का शरीर को क्रियाशील रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान है। इस हड्डी को प्राकृतिक रूप में सही रखने में हमें बैठने, उठने, झुकने में विशेष सावधानियां रखनी चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर प्रयोग करके सही विधियों की जानकारी दी। प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों ने एकाग्र होकर उनके द्वारा बतायी प्रायोगिक क्रिया स्वयं ने की और अधिक जानकरी के लिए उत्सुकता जाहिर की।

> **अति आवश्यक - कृपया ध्यान दें।**
> सभी सदस्यों की सहमति से **प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ** की मासिक बैठक **तृतीय शनिवार के स्थान पर इस माह से चतुर्थ शनिवार** को होगी।
> माह नवम्बर में यह बैठक **28 नवम्बर सांय 5 बजे** होगी। आप सादर आमंत्रित हैं।

## केलवा प्रोजेक्ट

**श्रद्धा** के 24 वें अंक (अक्टूबर) का प्रकाशन वितरण हुआ।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ की बैठक 10 अक्टूबर द्वितीय शनिवार को आयोजित हुई जिसमें पूर्व निश्चित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित व्यक्तियों द्वारा दिए गए और सक्रिय चर्चा हुई। 15 सदस्य उपस्थित थे।

## अन्य बिन्दु

- दोनों वरिष्ठ नागरिक संस्थानों का अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस 1 अक्टूबर को अलग अलग मनाया गया। इसके लिए समिति का परिसर निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।
- नगर के वयोवृद्ध सज्जन पूर्व आई.ए.एस. **श्रीमान् जसवंत सिंह जी सा. सिंघवी** की स्मृति सभा समिति परिसर में विज्ञान समिति एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित की गई।
- फर्निचर रिपेयर का कार्य हुआ।
- मुख्य द्वार पर **विज्ञान समिति स्वर्ण जयन्ती द्वार** एक्रिलिक अक्षरों में लिखवाया गया। जो सुन्दर लग रहा है। यह कार्य डॉ. के.एल. तोतावत के निर्देशन में हुआ।
- कार्यकारिणी के पूर्व निर्णयानुसार दुर्गाष्टमी एवं दशहरा 21 एवं 22 अक्टूबर को अवकाश रखा गया।

## सदस्यों संबंधी

- हमारे सदस्य और विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता **प्रो. महीप भटनागर को ओस्तवाल विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया**

**गया।** हार्दिक बधाई।

● हमारे महासचिव **प्रो. डॉ.के.एल. तोतावत** के पौत्र **श्री पल्लव तोतावत** कक्षा 11 ने अखिल भारतीय परीक्षा RESO START-2015 में भाग लिया और उन्हें एक डिजिटल केमरा का पारितोषिक प्राप्त हुआ। परीक्षा में देश के 3694 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। बधाई ।

● **डॉ. शैल गुप्ता** को बी.एस.एफ के स्वर्णजयन्ती समारोह में **शहीद की माता** के रूप में 21 अक्टूबर को स्मृति चिन्ह एवं शॉल से सम्मानित किया गया।

● हमारे मानद निदेशक **डॉ. एम.के. भटनागर** की बांयी आंख का **केटरेक्ट ऑपरेशन** अलख नयन मंदिर के डॉ. झाला ने बहुत कुशलता पूर्वक 26 अक्टूबर को किया।

● **डॉ. एम.के. भटनागर** की सुपुत्री **संगीता**



## जन्मदिवस मनाया

20 अक्टूबर प्रातः 11.30

**श्रीमान् लक्ष्मीलाल जी चन्डाल्या**


कोषाध्यक्ष

### जन्मदिन की बधाइयाँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| Smt.Leela Surana | 01/11 | Dr. B.L. Baser | 27/11 |
| Dr. Shail Gupta | 01/11 | Smt. Monika Kothari | 29/11 |
| Dr. J.S. Dave | 01/11 | Smt. Renu Dhakar | 2/12 |
| Dr.B.L.Chawat | 02/11 | Shri K.P. Talesara | 08/12 |
| Sh.S. K. Bhatnagar | 04/11 | Smt. Santosh Mehta | 10/12 |
| Sh.M.K. Bhatnagar | 08/11 | Shri R.C. Khandelwal | 10/12 |
| Sh.H.V.Paliwal | 11/11 | Sh.Manik Nahar | 20/12 |
| Prof.Sushila Agarwal | 12/11 | Sh. S.C. Mehnot | 24/12 |
| Sh.Y.S. Kothari | 14/11 | Smt. Arpana Sharma | 24/12 |
| Dr. K.L. Totawat | 2311 | Sh. Avinash Bhatnagar | 25/12 |
| Mrs. Kusum Bhatnagar | 24/11 | Sh. S.C. Mehta | 29/12 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## स्वागत एवं अभिवादन



**श्री भूपेन्द्र सिंह मेहता** वरिष्ठ प्रबन्धक (से.नि.) बिरला सिमेंट वर्क्स ने विज्ञान समिति परिवार से **संरक्षक सदस्य** के रूप में जुड़ने की सहमति प्रदान की । आपका विज्ञान समिति परिवार तहे दिल से **स्वागत और अभिवादन** करता है। विज्ञान समिति के अनेक सेवा कार्यों में आप जुड़ें एवं मार्गदर्शन प्रदान करें।

**पता : बी-601, आर्बिट कनिष्का, भान बाग रोड़, न्यू फतेहपुरा, उदयपुर**

**फोन : 2414597( नि. )**

**मो. : 9414737112**

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

**सेवा में**

## विज्ञान समिति के नवम्बर माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार को 15 नवम्बर 2015 प्रातः 10 से 12

| **नियमित मासिक गतिविधियां** | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ बैठक | 07 नवम्बर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * दर्शन विज्ञान संगोष्ठी | 17 नवम्बर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 नवम्बर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 28 नवम्बर 2015 | सायं 05.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 नवम्बर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| * दीपावली स्नेह मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम | 16 नवम्बर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * श्रीमान् अखिलेश जी जोशी सम्मान कार्यक्रम | 28 नवम्बर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| सामयिक चर्चा | प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे | |

### अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का तीसरा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ) , महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**



Quick Print Service # 94147 36608